**Fourteenth Loksabha**

**Session : 5**
**Date : 16-08-2005**

**Participants : Mehta Shri Bhubneshwar Prasad**

an>

Title : Need to take suitable measures to revive sick industries in Jharkhand.

**श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता (हज़ारीबाग) :** महोदय, झारखंड राज्य के हजारीबाग जिला में 1994 से वासल का कारखाना बंद है। यहां पर तीन हजार मजदूर काम करते थे, जिसमें लगभग दो हजार मजदूर बीमारी, भुखमरी से तबाह होकर छः सात सालों के इंतजार के बाद मात्र 25 हजार वी.आर.एस. की राशि लेकर चले गये। आज भी एक हजार से अधिक मजदूर इस आशा में हैं कि कारखाना खुलेगा तो उन्हें रोजगार मिलेगा। लेकिन अब तो वासल के कारखाना का सामान भी धीरे धीरे बिकने लगा है। तीन दर्जन से अधिक लड़कियां आत्महत्या कर चुकी हैं और 50 से अधिक मजदूरों की मौत भूख और बीमारी से हो चुकी है। इस तरह झारखंड में गिलास फैक्ट्री, खलारी का सीमेंट कारखाना, सिन्दरी का खाद कारखाना सहित छोटे बड़े दो हजार से अधिक उद्योग बंद हो गये हैं और पांच सालों में डेढ़ लाख लोगों की रोजी रोटी छीन ली गयी हे।

केन्द्र सरकार से आग्रह है कि खनिज सम्पदा से भरपूर झारखंड के कल कारखानों को बंदी होने से रोकने एवं बंद उद्योगों को खोलने हेतु समुचित कार्रवाई करें।